# श्याम आ गया रे मेरा श्याम आ गया भजन लिरिक्स

खुशियां मनाओ,
मंगल गाओ,
स्वागत में तुम फूल बिछाओ,
श्याम आ गया रे,
मेरा श्याम आ गया।bd।

---

गंगाजल ला करके भक्तों,
इनके चरण पखारो,
सिंहासन बैठाओ इनको,
प्यारे भजन सुनाओ,
चन्दन केसर तिलक लगाओ,
बनडा सा बाबा को बनाओ,
चवर ढुलाओ मंगल गाओ,
स्वागत में तुम फूल बिछाओ,
श्याम आ गया रें,
मेरा श्याम आ गया।bd।

---

चंदा सा चमके है मुखड़ा,
शोभा अति निराली,
मोर मुकुट कानो में कुण्डल,
लट ये घुंघर वाली,
रुच रुच कर इनको जिमाओ,
श्याम को नागर पान खिलाओ,
चरण दबाओ मंगल गाओ,
स्वागत में तुम फूल बिछाओ,
श्याम आ गया रें,
मेरा श्याम आ गया।bd।

---

आकर जाएगा मेरा बाबा,
याद ना इनकी जाए,
प्रेम भाव से छवि निहारो,
नैनो में बस जाए,
मिलकर 'निर्मल' श्याम रिझाए,
देखो कसर कोई रह ना जाए,
लाड़ लड़ाओ मंगल गाओ,
स्वागत में तुम फूल बिछाओ,

**Bhajan Diary,**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम आ गया रें,
मेरा श्याम आ गया।bd।

खुशियां मनाओ,
मंगल गाओ,
स्वागत में तुम फूल बिछाओ,
श्याम आ गया रे,
मेरा श्याम आ गया।bd।

स्वर – संजू शर्मा जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com